दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 21 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. संसद के बजट सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक होगी। बैठक के दौरान सरकार दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी।
02. विधानमंडल का मानसून सत्र कल से हो रहा है शुरू। सत्र के दौरान चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा।
03. गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आज देश और प्रदेश में अनेक कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन।
04. और, सावन का पवित्र महीना कल से शुरू हो रहा है। देवघर स्थित बैद्यनाथ मंदिर, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ सहित विभिन्न शिवालयों में कल श्रद्धालु पहला जलाभिषेक करेंगे।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र कल से शुरू होकर अगले महीने की बारह तारीख तक चलेगा।

———बाईट———

संसद का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इस बजट सत्र में सरकार छह नए विधेयक पेश कर सकती है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार 23 जुलाई को लोकसभा में आम बजट पेश करेंगी। नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा था कि कि इस बार का बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण का प्रभावी दस्तावेज होगा। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————

बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र छब्बीस जुलाई तक चलेगा। इस दौरान दोनों सदनों में पांच–पांच बैठक होंगी। सत्र के पहले दिन राज्यपाल की ओर से स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति को सदन के पटल पर रखने के साथ ही दो हजार चौबीस–पच्चीस का पहला अनुपूरक बजट सरकार पेश करेगी। तेईस और चौबीस जुलाई को राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य किए जाएंगे। तेईस जुलाई को ही विधान परिषद में गैर सरकारी संकल्प पेश होंगे और चौबीस और पच्चीस जुलाई को राजकीय विधेयक सदन में लाए जाएंगे। इसके साथ ही पच्चीस जुलाई को विधानसभा में प्रथम अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद और मतदान होगा। सत्र के आखिरी दिन छब्बीस जुलाई को सदन में गैर सरकारी संकल्प पेश किए जाएंगे। इधर, सत्र के

दौरान विधि व्यवस्था के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था बनायी गयी है। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जायेगी। साथ ही आठ क्विक रेस्पांस टीम तैनात रहेगी। उन्होंने कहा कि सचिवालय, विधानसभा और विधान परिषद क्षेत्र में बिना प्रवेश पत्र के किसी व्यक्ति या वाहन को प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। इधर, मॉनसून सत्र को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में विधानसभ अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने विभिन्न राजीनतिक दलों के साथ बैठक में सत्र को शांतिपूर्ण ढंग से चलाने के लिए सहयोग करने का अनुरोध किया है। विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह की अध्यक्षता में भी एक सर्वदलीय बैठक हुयी। श्री सिंह ने सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में विश्वास जताया कि सदन में जनहित के मुद्दों पर सार्थक विचार—विमर्श होगा।

———————————————————————

बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने बजट से पूर्व केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिल कर मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। बीआईए के अध्यक्ष के.पी.एस. केशरी ने बताया कि बजट में बिहार के लिए ग्यारह मांगों का एक ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा कि इन मांगों में राज्य में चार से पांच शहरों को औद्योगिक शहर के रूप में विकसित करने, ड्राई पोट के साथ कस्टम क्लियरेंस देने समेत अन्य मांग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की अर्थ व्यवस्था का आकार सात लाख पचपन करोड़ का है। श्री केशरी ने कहा कि केन्द्रीय बजट से राज्य के लोगों को कई उम्मीदें हैं।

———————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि सरकार ने पीएम—स्वनिधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी—पटरी वालों को लगभग आठ हजार छह सौ करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया है। नई दिल्ली में भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण की ओर से रेहडी—पटरी वालों के लिए आयोजित प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम में श्री नड्डा ने यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने रेहडी—पटरी वालों के लिए खाद्य सुरक्षा पोर्टल और दिशानिर्देश जारी किए। श्री नड्डा ने प्राधिकरण को रेहडी—पटरी वालों के लिए सौ रुपये का पंजीकरण शुल्क माफ करने का निर्देश दिया। इससे इन विक्रेताओं को प्रोत्साहन मिलेगा और पंजीकरण में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण अगले एक वर्ष में एक लाख रेहडी—पटरी वालों को प्रशिक्षित करेगा।

———बाईट———

आप सबको सर्टिफिकेट मिलेगा, वह सर्टिफिकेशन आपके दुकान के लिए एक असरदार प्रमाण पत्र भी बनता है। उसके साथ हम सबको एक—एक टेस्टिंग किट भी देंगे। तो इस तरीके से सशक्तिकरण करने का कार्यक्रम चलाया गया है। दो लाख सोलह हजार से ज्यादा लोगों को हम ट्रेनिंग हम दे चुके हैं।

———————————————————————

कोरोना महामारी के कारण वर्ष दो हजार बीस में अत्याधिक मौत के दावे की एक रिपोर्ट को केंद्र सरकार ने खारिज कर दिया है। नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर वी.के. पॉल ने विशेषज्ञों के रिपोर्ट को भ्रामक बताया है।

---बाईट---

————————————————————————

नेपाल में के.पी. शर्मा ओली की सरकार आज विश्वास–मत प्राप्त करने का प्रयास करेगी। श्री ओली चौथी बार प्रधानमंत्री बने हैं। वे नेपाल के सबसे बड़े साम्यवादी दल सी.पी.एन.–यू.एम.एल. के अध्यक्ष हैं। श्री ओली ने पुष्प कमल दहाल उर्फ प्रचंड सरकार के पतन के बाद सरकार का गठन किया है। उन्हें दो सौ पचहत्तर सदस्यों वाले निचले सदन में विश्वास–मत प्राप्त करने के लिए एक सौ अड़तीस मतों की आवश्यकता है।

————————————————————————

प्रदेश में बिना निबंधन के चल रहे स्कूलों पर कार्रवाई की जायेगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य में लगभग चौबीस हजार निजी स्कूल बिना निबंधन के चलाए जा रहे हैं। वहीं, प्राथमिक शिक्षा के निदेशक मिथिलेश मिश्रा ने आदेश जारी कर इन स्कूलों को तत्काल निबंधन कराने के आदेश दिये हैं। इन स्कूलों को निबंधन के लिए पंद्रह अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन देना होगा। निबंधन नहीं कराने की स्थिति में एक लाख रूपये का जुर्माना से लेकर स्कूल बंद किये जाने तक की कार्रवाई की जा सकती है। आदेश में कहा गया है कि सभी निजी स्कूलों को शिक्षा के अधिकार कानून के तहत निबंधन कराना अनिवार्य है।

————————————————————————

गुरु पूर्णिमा का पर्व आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस पर्व को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण है। यह पर्व आध्यात्मिक और शैक्षिक गुरुओं को समर्पित है। इस अवसर पर लोग अपने उन गुरुओं को याद करते हैं, जिनके मार्गदर्शन और आर्शीवाद ने उनके जीवन को दिशा दी। भगवान बुद्ध ने बोध गया स्थित बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्ति के बाद सारनाथ की यात्रा की थी और पूर्णिमा के दिन यहां अपना पहला प्रवचन दिया था। आज के दिन भगवान बुद्ध के अनुयायी विशेष पूजा–अर्चना करते हैं। इधर, गुरू पूर्णिमा के अवसर पर पटना सहित प्रदेश भर में भी कई कार्यक्रम का आयोजन किये जा रहे है।

————————————————————————

सावन का पवित्र महीना कल से शुरू हो रहा है। इसके साथ ही विश्व प्रसिद्ध झारखंड के देवघर में स्थित बैद्यनाथ धाम और मुजफ्फरपुर जिले में स्थित गरीबनाथ में श्रद्धालु पहला जलाभिषेक करना शुरू करेंगे। मेला उन्नीस अगस्त तक चलेगा। स्थानीय प्रशासन ने काँवड़ियों की सुविधा के लिए जगह–जगह शेड लगाये हैं। काँवरियां पथ पर पेयजल और शौचालय की व्यवस्था भी की गयी है। साथ ही जगह–जगह स्वास्थ्य शिविर भी लगाये गये हैं। श्रावणी मेले को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। इधर, वैशाली जिला प्रशासन ने काँवरियों की सुविधा के लिए कई स्थानों पर विश्राम स्थल बनाया है। साथ ही यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि सावन महीने में शनिवार और रविवार को मुजफ्फरपुर की ओर जाने वाले वाहन लालगंज–सरैया होते हुये मुजफ्फरपुर जायेंगे। देवघर जाने वाले काँवरिया सुल्तानगंज जाने के क्रम में बिहार में बांका, मुंगेर और जमुई से होकर गुजरते हैं। इन क्षेत्रों में काँवरिया पथ पर श्रद्धालुओं के लिए कई प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। मुंगेर में कई काँवरियों से हमारे संवाददाता ने बातचीत की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सावन का महीना काफी शुभ है।

———बाईट———

———————————————————————————

केन्द्रीय आयुष मंत्रालय ने राज्य के दो निजी आयुर्वेद कॉलेजों को मान्यता दे दी है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के प्रवक्ता डॉक्टर राकेश पाण्डेय ने बताया कि छपरा और गया जिले के दो कॉलेजों को मान्यता मिली है। इन कॉलेजों में साठ–साठ छात्रों के नामांकन की मंजूरी दी गयी है।

———————————————————————————

पटना जिले के शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अरूण कुमार मिश्रा समेत चार कर्मियों को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के विशेष सचिव डॉक्टर सतीशचन्द्र झा ने बताया कि महिला शिक्षकों और कर्मचारियों की ओर से दिये गये मातृत्व अवकाश के आदवेन और बकाये भुगतान में जांच के दौरान अनियमितता पाये जाने के बाद यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

———————————————————————————

किशनगंज जिले के खोड़ीबारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पानी टंकी के पास भारत–नेपाल सीमा के करीब एसएसबी जवानों ने तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक पाकिस्तानी और दो नेपाली नागरिक शामिल हैं।

———————————————————————————

तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के दूसरे दिन कल प्रदेशभर से चौबीस फर्जी अभ्यर्थियों को पकड़ा गया। औरंगाबाद से छह, गया से पांच, पूर्णियां से तीन और पटना, दरभंगा, बेगूसराय तथा जहानाबाद से दो–दो अभ्यर्थी पकड़े गए हैं। आयोग के सचिव मो. गयासुद्दीन अंसारी ने बताया कि पकड़े गए अभ्यर्थियों पर फर्जीवाड़ा का केस दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पकड़े गये अभ्यर्थियों को आयोग की ओर से ली जानी वाली किसी भी परीक्षा में प्रतिबंधित किया जायेगा।

———————————————————————

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने, स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा– नीट पेपर लीक मामले में, तीन और लोगों को पटना के बोरिंग रोड से गिरफ्तार किया है। इनमें से दो व्यक्ति राजस्थान के भरतपुर चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र हैं। सूत्रों के अनुसार, ये दोनों आरोपी पांच मई को आयोजित परीक्षा के दिन झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे। गिरफ्तार किया गया तीसरा व्यक्ति पेपर लीक सरगना को हर तरह की सहायता उपलब्ध करा रहा था।

———————————————————————

पटना जिले के आलमगंज थाना क्षेत्र में गायघाट के पास एक व्यक्ति से अपराधियों ने दस लाख रूपये लूट लिये। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने माईक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई गड़बड़ी पर लिखा है– दूसरे दिन भी दर्जनों विमान देर से ऊड़े। रेल नेटवर्क और बंदरगाह भी रहे प्रभावित।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– यूपीएससी चेयरमैन मनोज का इस्तीफा।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– जीविका में फर्जी सर्टिफिकेट पर भर्ती, जो खुलासा किया उसे ही हटाया।

प्रभात खबर लिखता है– रोहतास में ग्लूकोनाइट और गया में निकेल खदान की नीलामी, इसी साल से खनन।

आज अखबार की सुर्खी है– शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन की बनेगी समेकित नीति।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. संसद के बजट सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक होगी। बैठक के दौरान सरकार दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी।

02. विधानमंडल का मानसून सत्र कल से हो रहा है शुरू। सत्र के दौरान चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा।

03. गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आज देश और प्रदेश में अनेक कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन।

04. और, सावन का पवित्र महीना कल से शुरू हो रहा है। देवघर स्थित बैद्यनाथ मंदिर, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ सहित विभिन्न शिवालयों में कल श्रद्धालु पहला जलाभिषेक करेंगे।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।